**महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण / ई–मेल**

प्रेषक,

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

**संख्या : प्राशिप / अनु03 / पुनर्मूल्यॉकन / 2023 / 6618** **लखनऊ : दिनांक 29 / 12 / 2023**

**विषयः– परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2023 की लिखित उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यॉकन परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में परिषद कार्यायल के पत्रॉक प्राशिप / अनु03 / पुनर्मूल्यॉकन / 2023 / 6145 दिनॉक 08 / 12 / 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें अवगत कराया गया था कि पुनर्मूल्यॉकन हेतु प्राप्त समस्त आवेदनों के कम में संबंधित विषय की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यॉकन का कार्य वर्तमान में प्रचलित है तथा प्रमुख सचिव / अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, शासन / प्राविधिक शिक्षा परिषद, द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में जिन छात्र / छात्राओं के पुनर्मूल्यॉकन का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन छात्र / छात्राओं का परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध लिंक RESULT पर अपलोड कर दिया गया है, जिसे छात्र / छात्रा Enrollment N0. एवं जन्मतिथि की सहायता से देख सकते हैं एवं जिन छात्र / छात्राओं का पुनर्मूल्यॉकन परीक्षा परिणाम अपूर्ण है। पुनर्मूल्यॉकन का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त उनका परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित कर दिया जायेगा।

प्रमुख सचिव / अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, शासन / प्राविधिक शिक्षा परिषद के अनुमोदनोपरान्त शेष छात्र / छात्राओं के भी पुनर्मूल्यॉकन का परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध लिंक RESULT पर अपलोड कर दिया गया है, जिसे छात्र / छात्रा Enrollment N0. एवं जन्मतिथि की सहायता से देख सकते हैं।

अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने स्तर से छात्र / छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें तथा उक्त सूचना डिस्पले बोर्ड पर भी चस्पा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

**पृ0 सं0 : प्राशिप / अनु03 / पुनर्मूल्यॉकन / 2023 / 6619–22** **तद् दिनांक 29 / 12 / 2023**

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ / अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग को इस निर्देश के साथ कि सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर परीक्षा, जून 2023 की लिखित उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यॉकन के परिणाम हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर लिंक प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव